**प्रेस विज्ञप्ति**

**28.03.2025**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), मुख्यालय कार्यालय, नई दिल्ली ने नोएडा स्थित एक दंपत्ति द्वारा नियंत्रित कंपनी सबडीजी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के मामले में आयकर की धारा 132 के साथ पठित फेमा की धारा 37 के तहत तलाशी ली है।

कंपनी और उसके निदेशकों के खिलाफ साइप्रस स्थित कंपनी टेक्नियस लिमिटेड से विदेशी धन प्रेषण (रेमिटेन्स) प्राप्त करने के आरोप हैं। टेक्नियस लिमिटेड Xhamster और Stripchat नामक वयस्क मनोरंजन वेबसाइट की संचालक है। जांच में पता चला कि विज्ञापन, बाजार अनुसंधान और जनमत सर्वेक्षण जैसी सेवाओं की आड़ में कंपनी और उसके निदेशकों द्वारा नियमित रूप से विदेशी धन प्रेषण (रेमिटेन्स) प्राप्त किए जाते थे। हालांकि, ये धन कथित तौर पर XHamster पर स्ट्रीम की गई वयस्क सामग्री से प्राप्त आगम थे।

छापे के दौरान, ईडी अधिकारियों ने वयस्क सामग्री स्ट्रीमिंग के लिए डिज़ाइन किए गए एक अत्याधुनिक स्टूडियो की खोज की। यह पाया गया कि दंपत्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से मॉडलों को काम पर रखा करते थे। कंपनी और इसके निदेशकों के बैंक खातों में 15.6 करोड़ रुपये से अधिक के अवैध विदेशी धन प्रेषण प्राप्त होने की पहचान की गई है। इसके अलावा नीदरलैंड में एक अघोषित बैंक खाता भी प्राप्त हुआ है, जिसमें टेक्नियस लिमिटेड से करीब 7 करोड़ रुपयों के अंतरण किए गए हैं। विदेशी बैंक खाते में जमा राशि को अंतरराष्ट्रीय डेबिट कार्ड के उपयोग से भारत में नकद के रूप निकाले जाने का पता चला है। जांच में पता चला है कि दंपति ने कमाई का करीब 75% हिस्सा अपने पास रख लिया और केवल एक अंश ही संबंधित मॉडलों को दिया गया| तलाशी कार्यवाही के दौरान विभिन्न अपराध-संकेती साक्ष्य पाए गए। तलाशी के दौरान 8 लाख रुपये की नकदी जब्त की गई।

आगे की जांच प्रक्रियाधीन है।